Title: Regarding killing of a dalit in Borala village of Nandubar District in Maharashtra.

श्री रामदास आठवले : अध्यक्ष जी, आजादी के 55 वर्षों के बाद भी, देश के किसी न किसी क्षेत्र में, किसी न किसी गांव में, दलितों पर अत्याचार रोज होते हैं। हमारा महाराष्ट्र राज्य परिवर्तनवादी है और बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर जी की विचारधारा को अपनाने वाला है। उसके बाद भी 5 अप्रैल को महाराष्ट्र में रमेश गरारे नाम के आदमी की. नंदूबार जिले में बोराला नाम के गांव में जलाकर हत्या की गयी। मैं भारत सरकार से मांग करता हूं कि गरीबों पर होने वाले अत्याचारों को रोकने के लिए कड़े कदम उठाए जाएं और भारत सरकार को रमेश गरारे के परिवार को पांच लाख रुपये की मदद देनी चाहिए। यह मेरी मांग है।

सभी पार्टियों को इसका ध्यान रख कर अपनी पार्टी के वर्कर्स को इस बारे में हिदायत देनी चाहिए। मैं भारत सरकार से आग्रह करना चाहता हूं कि वह दलितों पर होने वाले अत्याचार को बंद कराए और मृतकों के परिवार वालों को पांच लाख रुपए दे। यही मेरी मांग है।